प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-157
28/03/2018

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर प्रदेश एवं देश वासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 28 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश सत्य और अहिंसा का है। हम सब भगवान महावीर के बताये मार्ग अहिंसा को अपनाने का संकल्प लें। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर राज्य एवं देश में शान्ति, सद्भाव एवं विश्वास के रिश्ते को मजबूत करें एवं उनके उपदेशों पर चलकर 'आत्मवत सर्वभूतेषू' की भावना को अपनायें। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की जयंती को निरामिष दिवस के रूप में मनायें।

******